http://www.sgbauonline.com/

**AV–851**

# M.A. (Part—II) Hindi Semester—III Examination

## HINDI

## (Adhunik Gadhya Sahitya)

## Paper—II

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :— 2×8=16

(क) क्षणभर के लिए वह औरत ठिठकी खड़ी रही, वह निर्णायक क्षण जब मनुष्य अपने समस्त संस्कारों, विचारों, मान्यताओं के पुंजीभूत प्रभाव के आधार पर कोई निर्णय लेता है। औरत कुछ देर तक उनकी ओर देखती रही। फिर उसने दरवाजा खोल दिया।

(ख) राजनीति ? राजनीति ही मनुष्यों के लिए सब कुछ नहीं है। राजनीति के पीछे नीति से भी हाथ न धो बैठो, जिसका विश्व-मानव के साथ व्यापक सम्बन्ध है। राजनीति की साधारण छलनाओं से सफलता प्राप्त करके क्षणभर के लिए तुम अपने को चतुर समझ लेने की भूल कर सकते हो। परन्तु इस भीषण संसार में एक प्रेम करने वाले हृदय को खो देना, सबसे बड़ी हानि है।

(ग) तु जाकर मरदों को समझा ... मैं औरतों को समझाती हूँ ... देख कल्लू ... चाहे जो हो जाये, मैं हवेली में नहीं जाऊँगी ... अगर उसने कोसीस की तो कुल्हाड़ी से काटके दस टुकड़े कर दूंगी उसके ....

(घ) माधवन्ती जो गली-मुहल्ले, भाई-बिरादरी से पहले अपनी बहुओं को जीत लेना चाहती थी, ऐसी मुँहफट बात सुन जलने-बलने लगी। घुड़की में चुटकी भर दर्द मिलाकर कहा — गहने की बात न हिला, बहू ! बेटी सही-सलामत आन पहुँची है, यही क्या कम है ? इसके भाई वहाँ न पहुँचते तो जाने कँगले राकस लड़की का क्या हाल कर डालते।

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए :— 2×16=32

(1) 'तमस' का उद्देश्य निरूपित कीजिए।

(2) ध्रुवस्वामिनी के स्त्री पात्र पुरुष पात्रों की अपेक्षा अधिक सशक्त हैं। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(3) चैती के चरित्रगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(4) औपन्यासिक तत्वों के आधार पर मित्रो मरजानी की समीक्षा कीजिए।

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं चार का उत्तर पंद्रह-बीस पंक्तियों में लिखिए :—4×4=16

(1) आषाढ़ का एक दिन की नायिका मल्लिका के चारित्रिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(2) लक्ष्मी नारायण मिश्र के ऐतिहासिक नाटकों का परिचय दीजिए।

(3) उपेन्द्रनाथ अश्क की कहानियों में चित्रित समस्याओं का निरूपण कीजिए।

(4) कहानी विधा में मन्नू भण्डारी का योगदान स्पष्ट कीजिए।

(5) 'मैला आँचल' का उद्देश्य संक्षेप में बताइए।

(6) यशपाल के उपन्यासों में चित्रित स्त्री-पुरुष संबंधों को रेखांकित कीजिए।



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

4. निम्नलिखित अतिलघूत्तरी/वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दिए गये निर्देशानुसार दीजिए :— 1×16=16

(1) ध्रुवस्वामिनी नाटक कितने अंकों में विभाजित है ?

(अ) दो (ब) तीन

(क) चार (ड) पाँच

(2) लीजा इंग्लैंड से कितने महीनों बाद भारत लौटती है ?

(अ) छः महीनों बाद (ब) सात महीनों बाद

(क) एक साल बाद (ड) एक महीने बाद

(3) इनमें से मन्नु भण्डारी की कहानी नहीं है :

(अ) मैं हार गयी (ब) यही सच है

(क) त्रिशंकु (ड) गुण्डा

(4) 'आधे-अधूरे' का प्रकाशन कब हुआ ?

(अ) 1962 में (ब) 1965 में

(क) 1969 में (ड) 1970 में

(5) कृष्णा सोबती का संबंध किस-किस रचना से है ?

(अ) मित्रो मरजानी (ब) बादलों के घेरे

(क) उपरोक्त दोनों (ड) इनमें से कोई नहीं

(6) 'मित्रो मरजानी' रचना में सुहाग की सास का क्या नाम है ?

(7) 'पोस्टर' नाटक में किस शैली को ग्रहण किया गया है ?

(8) 'सिंदूर की होली' नाटक के नाटककार कौन हैं ?

(अ) लक्ष्मीनारायण मिश्र (ब) मोहन राकेश

(क) जयशंकर प्रसाद (ड) उपेंद्रनाथ अश्क

(9) 'तमस' उपन्यास का कथानक देश-विभाजन की पृष्ठभूमि एवं सांप्रदायिक दंगों पर आधारित है।

(कथन सत्य / असत्य)

(10) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में शकराज का वध कौन करता है ?

(अ) ध्रुवस्वामिनी (ब) चंद्रगुप्त

(क) रामगुप्त (ड) समुद्रगुप्त

(11) 'दादा कामरेड' कौनसी विधा की रचना है ?

(अ) नाटक (ब) कहानी

(क) उपन्यास (ड) रेखाचित्र



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(12) 'परती परिकथा' के उपन्यासकार कौन हैं ?

(अ) यशपाल (ब) प्रेमचंद

(क) फणीश्वरनाथ रेणु (ड) उपेंद्रनाथ अश्क

(13) मोहन राकेश के कौनसे नाटक में महानगरीय जीवन की त्रासदी का चित्रण हुआ है ?

(अ) लहरों के राजहंस (ब) आधे-अधूरे

(क) आषाढ़ का एक दिन (ड) इनमें से कोई नहीं

(14) मन्नु भण्डारी ने कुल कितनी कहानी संग्रहों का सृजन किया है ?

(अ) चार (ब) दस

(क) पाँच (ड) सात

(15) 'पोस्टर' नाटक के आरंभ में कीर्तनकार ने कौनसी वेशभूषा पहन रखी है ?

(अ) पारंपरिक (ब) आधुनिक

(क) अत्याधुनिक (ड) इनमें से कोई नहीं

(16) भीष्म साहनी के भाई का नाम क्या है ?



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/